लड्डू गोपाल जी की आरती PDF

आरती बाल कृष्ण की कीजै ।
अपना जन्म सफल कर लीजै ॥
आरती बाल कृष्ण की कीजै...

श्री यशोदा का परम दुलारा ।
बाबा के अँखियन का तारा ॥
आरती बाल कृष्ण की कीजै...

गोपियन के प्राणन से प्यारा ।
इन पर प्राण न्योछावर कीजै ॥
आरती बाल कृष्ण की कीजै...

बलदाऊ के छोटे भैया ।
कनुआ कहि कहि बोले मैया ॥
आरती बाल कृष्ण की कीजै...

परम मुदित मन लेत बलैया ।
अपना सरबस इनको दीजै ॥
आरती बाल कृष्ण की कीजै...

श्री राधावर कृष्ण कन्हैया ।
ब्रज जन को नवनीत खवैया ॥
आरती बाल कृष्ण की कीजै...

pdfinbox.com

देखत ही मन लेत चुरैया ।
यह छवि नैनन में भरि लीजै ॥
आरती बाल कृष्ण की कीजै...

तोतली बोलन मधुर सुहावै ।
सखन संग खेलत सुख पावै ॥
आरती बाल कृष्ण की कीजै...

सोई सुक्ति जो इनको ध्यावे ।
अब इनको अपना करि लीजै ॥
आरती बाल कृष्ण की कीजै...

बोलिए कृष्ण भगवान की जय

pdfinbox.com